**भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड**
**मध्य मार्ग, सैक्टर 19बी, चण्डीगढ़-160019**

**<u>आवेदन प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 21.09.2026</u>** **<u>विज्ञापन संख्या 02/2026</u>**

भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड में हिन्दी अनुवादक के निम्नलिखित अस्थायी पद पर भर्ती हेतु योग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र अनिवार्य दस्तावेज़ों के साथ आमंत्रित किए जाते है। पदों की संख्या आवश्यकता के आधार पर किसी भी सीमा तक भिन्न हो (बढ़ या घट) सकती है जिसमें पदों को पूर्ण रूप से वापिस लेना भी शामिल है। विभागीय उम्मीदवार उचित माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति अनिवार्य दस्तावेज़ों के साथ भेजते समय अनिवार्य रूप से शब्द - विज्ञापन संख्या, नाम और पदनाम जिस पद के लिए आवेदन किया गया है, का उल्लेख करें:-

| **क्र. स.** | **पद का नाम** | **कुल पद** | **श्रेणी** | | | | **वेतनमान (रू.)** | **आयु सीमा 01.07.2026 तक अनारक्षित/ सामान्य श्रेणी के लिए** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **अनारक्षित वर्ग** | **अ.पि. वर्ग** | **ईडब्ल्यू एस** | **अनु. जनजाति** | | |
| **1** | **2** | **3** | **4** | | | | **5** | **6** |
| 1 | हिन्दी अनुवादक | 9* | 3 | 4 | 1 | 1 | लेवल-6 35400-112400 (7वें सीपीसी के अनुसार) | 18 वर्ष से 37 वर्ष के बीच |

* For Horizontal Reservation, candidates belonging to Persons with Disability (PwD) reserved Category (B): Deaf and Hard of Hearing and Category (C): Locomotor Disability (including Cerebral Palsy, Leprosy Cured, Dwarfism, Acid Attack Victims and Muscular Dystrophy) shall be considered on an equal -priority basis, and selection shall be made strictly on the basis of merit among above PwD categories. 01 seat is reserved for PwD among the total 9 seats.

**<u>आवश्यक न्यूनतम शैक्षणिक / अन्य योग्यताएं तथा आवश्यक न्यूनतम अनुभव निम्नानुसार है:-</u>**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | हिन्दी अनुवादक | एम.ए. अंग्रेजी में और हिंदी में आनर्स या एम.ए. हिंदी में और अंग्रेजी में आनर्स या विधि स्नातक और हिंदी आनर्स या एम.ए. हिंदी में और आनर्स या एम.ए. किसी भी विषय में और एम.ए. हिंदी में या हिंदी में आनर्स या एम. ए. हिन्दी में या बी.ए./बी.एस.सी. और हिंदी में आनर्स<br>और<br>किसी भी सरकारी या अर्ध-सरकारी या किसी प्रतिष्ठित दैनिक समाचार-पत्रों में कम से कम 3 वर्ष का बतौर अनुवादक अनुभव।<br>प्रूफ रीडिंग का ज्ञान रखने वाले और साहित्यक कार्य के प्रति झुकाव रखने वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी। |

**नोट: इच्छुक उम्मीदवार को आवेदन-पत्र के साथ अनिवार्य शैक्षणिक और अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड करने होंगे।**

1. **<u>महत्वपूर्ण तिथियां</u>**

| | |
|---|---|
| ऑन लाइन पंजीकरण के लिए आवेदन शुरू होने की तिथि | **31.08.2026 (सुबह 11 बजे से)** |
| आवेदन पत्र के जमा करने और एडिटिंग / आवेदन पत्र में संशोधन करने की अन्तिम तिथि | **21.09.2026 (रात 11:59 बजे तक)** |
| आवेदन शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथि (2 दिन) | **23.09.2026 (रात 11:59 बजे तक)** |

**महत्वपूर्ण नोट:**

i) विस्तृत निर्देश ऑनलाइन वेब लिंक पर ऑनलाइन आवेदन करते समय देखे जा सकते हैं। कृपया भविष्य के पत्राचार/ संदर्भ के लिए अपना लॉगिन आईडी तथा पासवर्ड याद रखें।

ii) आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए आवेदक bbmbrectt@gmail.com पर ई-मेल कर सकते है।

iii) आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपना नवीनतम / वर्तमान ई-मेल आईडी तथा मो. नं. दें क्योंकि सभी पत्राचार इन्हीं नंबरों/ ई-मेल पर किए जाएगें।

iv) आवेदकों को उनके हित में यह सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पंजीकरण हेतु अंतिम तिथि एवं समय तक प्रतीक्षा न करें तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना आवेदन समय से पूर्व ही पंजीकृत कर लें। सर्वर पर अंतिम समय में अत्यधिक भीड़/भार के कारण यदि आवेदक अपना आवेदन प्रस्तुत करने में असमर्थ रहते हैं, तो इसके लिए बीबीएमबी उत्तरदायी नहीं होगा।

2. **ऑनलाइन आवेदन शुल्क**

प्रत्येक आवेदक को रू. 1000/- (अनारक्षित/ओबीसी/ई डब्लयू एस श्रेणी के लिए), रू. 500/- (अनुसूचित जनजातियों के लिए) का गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना चाहिए।

a) **विभागीय कर्मचारियों के लिए निर्देश**

I. विभागीय कर्मचारी भी आवेदन करने के पात्र हैं, यदि उनके पास आवेदन की अंतिम तिथि पर उपर उल्लिखित अपेक्षित योग्यताएं हैं। सेवारत सरकारी कर्मचारियों को नीचे विर्दिष्ट अन्तिम तिथि से पहले उचित माध्यम से अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्रों और अनुभव प्रमाण-पत्र के साथ भेजनी होगी।

II. ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक **21.09.2026 को 16.00 बजे** तक या उससे पहले पहुँच जानी चाहिए। इस कार्यालय को किसी भी डाक देरी के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। देर से प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

III. आवेदक अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कूरियर/स्वयं उपस्थित होकर सदस्य सचिव/केंद्रीकृत कर्मचारी चयन समिति, बीबीएमबी, प्लॉट संख्या 6-बी, मध्य मार्ग, सेक्टर-19बी, चंडीगढ़-160019 के कार्यालय में प्रेषित करें। लिफाफे पर आवेदन किए गए पद का नाम तथा आवेदक का डाक पता स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना अनिवार्य है।

b) **सामान्य नियम एवं शर्तें**

I. जो आवेदक सेवा में है उसे लिखित परीक्षा के समय अपने संस्थान के प्रमुख / नियोक्ता से अनापति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उसे लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

II. अपूर्ण आवेदन पत्र खारिज किया जा सकता है और उस पर आगे कार्रवाई नहीं की जाएगी।

III. अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

IV. आरक्षित श्रेणी से सम्बन्धित आवेदकों के मामले में ऊपरी आयु सीमा में छूट सहित आरक्षण का लाभ, समय-2 पर जारी केन्द्र सरकार के निर्देशों के अनुसार होगा।

c) **विशेष हिदायतें**

I. निर्धारित आवश्यक योग्यताएं न्यूनतम है और मात्र उनके होने से आवेदक को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया नहीं जा सकता। आवेदक के पास आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक निर्धारित न्यूनतम योग्यता एवं अनुभव का होना अनिवार्य है। यदि इस विज्ञापन के जवाब में प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक है और केन्द्रीयकृत कर्मचारी चयन समिति के लिए सभी आवदकों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाना सुविधाजनक या संभव नहीं है तो केन्द्रीयकृत कर्मचारी चयन समिति विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम से उच्च योग्यता और अनुभव के आधार पर या स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित करके या केन्द्रीयकृत कर्मचारी चयन समिति द्वारा तैयार की गई किसी अन्य विधि द्वारा लिखित परीक्षा के लिए आवेदकों की संख्या को एक उचित सीमा तक प्रतिबंधित कर सकती है, जिसका निर्णय इस मामले में अतिंम होगा।

II. पात्रता, आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन का ढंग आदि से संबंधित सभी मामलों में केन्द्रीयकृत कर्मचारी चयन समिति का निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी होगा और इस संबंध में कोई पूछताछ या पत्राचार/ संचार मौखिक या लिखित रूप में नहीं किया जाएगा।

III. प्रत्येक पद के लिए विज्ञापित रिक्तियों के 50% के समतुल्य प्रतीक्षा सूची तैयार की जाएगी, जो एक वर्ष की अवधि तक वैध रहेगी। यदि प्रतीक्षा सूची (जो विज्ञापित रिक्तियों के 50% तक सीमित होगी) के संचालन के उपरांत भी उसकी वैधता अवधि के दौरान कुछ रिक्तियां रिक्त रह जाती हैं, तो ऐसी रिक्तियों को प्रतीक्षा सूची के अतिरिक्त उपलब्ध मेरिट सूची में योग्यता क्रम के अनुसार भरा जाएगा।

IV. चयनित उम्मीदवारों को बीबीएमबी के अधिकार क्षेत्र में कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

V. किसी भी प्रकार का प्रभाव/सिफारिश करने पर आवेदक को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

d) **<u>सामान्य हिदायतें</u>**:

I. आवेदक, चाहे वह अनारक्षित (यूआर) श्रेणी का हो अथवा आरक्षित श्रेणी का, एक पद के लिए दिनांक **21.09.2026 को रात्रि 23:59 बजे** तक केवल एक ही आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा।

II. आवेदक को आवेदन पत्र के सभी कॉलम भरने अनिवार्य हैं और यदि कोई कॉलम लागू न हो, तो उसमें "N/A" अंकित करना होगा।

3. **<u>आयु में छूट</u>**:

i) आवेदक की आयु 01.07.2026 को निर्धारित आयु सीमा के अनुसार होनी चाहिए। अधिकतम आयु में छूट: (a) अनुसूचित जनजाति (ST) के आवेदकों के लिए 5 वर्ष तक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के आवेदकों के लिए 3 वर्ष तक (b) केंद्रीय/राज्य सरकार या उनके उपक्रम/स्वायत्त निकाय/बोर्ड/कॉर्पोरेशनों में वर्तमान में कार्यरत व्यक्तियों के लिए 5 वर्ष तक।

**<u>PwD को आयु में छूट</u>**

ii) PwD अनारक्षित/ ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के व्यक्तियों लिए अधिकतम आयु सीमा में 10 साल, अनु. जनजाति (10+5 साल अनु. जनजाति के लिए) और OBC (10+3 साल OBC के लिए) की छूट दी जाएगी। केंद्र सरकार के तहत सभी सिविल पदों/सेवाओं में सीधी भर्ती के मामले में, जो ऐसी विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए उपयुक्त मानी गई हैं : (b) सुनने की अक्षमता और (c) चलने-फिरने की अक्षमता या सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित व्यक्तियों को अनुमति दी जाएगी, बशर्ते कि महत्वपूर्ण तारीख पर आवेदक की अधिकतम आयु 56 वर्ष से अधिक न हो। उक्त आयु सीमा में यह छूट ऐसे व्यक्तियों को मिलेगी जिनकी विकलांगता कम से कम 40% है।

4. **<u>पदों का आरक्षण</u>**

आरक्षित श्रेणी के आवेदकों के मामले में आयु में छूट और शुल्क रियायत (जहां लागू हो) का लाभ केवल उन उम्मीदवारों के लिए होगा जिनके पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आरक्षण प्रमाण-पत्र है, जिन्हे केन्द्र/राज्यों द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया गया है।

5. **<u>परीक्षा की योग्यता तथा परिणाम / योग्यता की तैयारी</u>**

i) लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी और इसकी अवधि 90 मिनट होगी। इसमें निम्नलिखित विषयों से संबंधित प्रश्न होंगे: -

अंग्रेज़ी व्याकरण, हिंदी व्याकरण, सामान्य जागरूकता, कंप्यूटर की जानकारी, हिंदी से अंग्रेज़ी और अंग्रेज़ी से हिंदी में अनुवाद और शब्दों के अर्थ (अंग्रेज़ी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेज़ी)

ii) प्रश्न पत्र (MCQ) को OMR-आधारित उत्तर-पत्रक पर हल करना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक होगा। इसमें कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

iii) अनारक्षित श्रेणी / ईडब्ल्यू एस श्रेणी के लिए पास अंक 40% और अनुसूचित जनजाति / ओबीसी श्रेणी के लिए 35% होंगे । अगर लिखित परीक्षा में मिले अंकों के आधार पर उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिलते हैं, तो समिति हर श्रेणी के लिए अर्हक अंकों का प्रतिशत कम कर सकती है।

iv) लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम योग्यता सूची तैयार की जाएगी।

v) अन्तिम योग्यता सूची तैयार करने से पहले, हर श्रेणी में रिक्त पदों की संख्या से पाँच गुना उम्मीदवारों को मूल दस्तावेज़ों के सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा।

vi) योग्यता सूची में टाई (बराबरी) होने की स्थिति में, ज़्यादा उम्र वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी; उम्र का निर्धारण जन्म-तिथि के आधार पर किया जाएगा। यदि दो या उससे ज़्यादा उम्मीदवारों की जन्म-तिथि एक ही है, तो अंतिम योग्यता क्रम का निर्धारण स्नातकोत्तर में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।

6. **नोट:**

i) परीक्षा (ओं) में उपस्थित होने के लिए टी.ए./ डी.ए. या कोई अन्य खर्च नहीं दिया जाएगा।

ii) चयनित उम्मीदवारों को पंजाब सीएसआर /जैसा कि बीबीएमबी द्वारा अधिसूचित किया गया है या डीसी दर के अनुसार वेतनमान के साथ प्रारंभिक 03 वर्षें की परिवीक्षा अवधि तक नियमिति आधार पर नियुक्त किया जाएगा, जो भी लागू हो, जो भी अधिक हो, वे नियुक्ति पत्र में उल्लिखित नियमों और शर्तों द्वारा शामिल होंगे।

iii) नीचे दिए गए मामलों में आवेदन पत्र तुरंत खारिज कर दिया जाएगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा:-

क) यदि आवेदन अहस्ताक्षरित / बिना फोटो / अनिवार्य दस्तावेज़ों के बिना या किसी भी तरह से अधूरा है।

ख) यदि आवेदन अतिंम तिथि के बाद प्राप्त हुआ है।

ग) यदि निधार्रित शुल्क का समय पर नहीं या कम भुगतान किया गया है।

**हस्ता/-**
**सदस्य सचिव,**
**केन्द्रीयकृत स्टाफ चयन समिति,**
**बीबीएमबी सचिवालय, मध्य मार्ग, सैक्टर-19बी,**
**चण्डीगढ़-160019**